कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग,नैनीताल।

E-mail:dfonainital@gmail.com Telefax.05942-236790

पत्रांकः– 833 /13-दे.कू.प. दिनांक 28/ 8 /2021

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण शाखा,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम,
भीमताल, नैनीताल।

विषय :– **विकासखण्ड भीमताल की देवीधूरा–कून पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण हेतु वन भूमि के हस्तान्तरण प्रस्तावों के सम्बन्ध में।**

संदर्भ :– **आपकी पत्र संख्या 2540/121/25 दिनांक 2.8.2021।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के माध्यम से आप द्वारा विकासखण्ड भीमताल की देवीधूरा–कून पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण के प्रस्तावों को ऑनलाईन अपलोड कर इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसमें आप द्वारा प्रस्ताव में वन भूमि का क्षेत्रफल 0.3326 है0 दर्शाया गया है।

आप द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत प्रस्तावों का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ प्रस्ताव के प्रपत्र–16 में कुल क्षेत्रफल 0.9339 है0 है जिसमें आरक्षित वन भूमि, वन पंचायत भूमि तथा सिविल/नाप भूमि सम्मिलित है, जो कि आप द्वारा ऑनलाईन प्रस्ताव में नहीं दर्शायी गयी है।

अतः उपरोक्त प्रस्ताव को संशोधित कर अपलोड करने का कष्ट करें तत्पश्चात ही प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल